जनेप प्राधिकरण JNPA | INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT

# JNPA Celebrates World Environment Day 2026 with a Series of Awareness and Sustainability Initiatives

**Mumbai, June 5, 2026:** Jawaharlal Nehru Port Authority (JNPA), India's largest container port, celebrated **World Environment Day 2026** with great enthusiasm through a series of engaging activities aimed at promoting environmental stewardship and sustainable practices. This year's theme, ***"Inspired by Nature. For Climate. For Our Future,"*** underscored the collective responsibility towards protecting and preserving the environment for future generations.

The celebrations commenced with the "Ek Ped Maa Ke Naam" initiative, during which Shri Gaurav Dayal, IAS, Chairperson, JNPA, Board Members, Heads of Departments (HoDs), and officials planted saplings as a tribute to mothers while reinforcing the importance of increasing green cover and nurturing nature.

An **Environment Pledge** was administered to all participants, reaffirming their commitment towards environmental conservation and sustainable living practices. To further spread awareness among employees and visitors, a **street play** highlighting the significance of environmental protection and responsible ecological practices was organized within the port premises.

Addressing JNPA employees on the occasion, **Shri Gaurav Dayal, IAS, Chairperson, JNPA**, said, *"World Environment Day serves as a reminder that environmental conservation is not merely an annual observance but a continuous responsibility. JNPA remains committed to fostering a culture of sustainability, environmental consciousness, and community participation. Every small action taken today contributes towards building a greener and more resilient future for generations to come."*

As part of the celebrations, an Eco Canvas Painting Workshop was conducted to encourage creative expression on environmental themes. The winners were felicitated by the Chairperson, JNPA, during a prize distribution ceremony. Additionally, an Interactive Environment Day Quiz was launched on JNPA's social media handle to engage the wider community and promote awareness about the World Environment Day.

Demonstrating its commitment to inclusivity and social responsibility, JNPA collaborated with Aai Day Care Foundation, an organization dedicated to supporting special children. The initiative provided a platform for the children to participate in the celebrations and showcase their creativity, reinforcing the message that environmental responsibility is a collective endeavor that transcends all sections of society.

JNPA carries out extensive Green Port initiatives and an Environmental Action Plan. The port has undertaken several transformative environmental initiatives. These include the successful rejuvenation of four lakes within the port area, with work currently underway on two additional lakes, large-scale beautification and greening initiatives, development of green belts, conservation of ecologically sensitive mangrove areas and plantation of over 1.11 lakh trees through the Miyawaki method. The port also has its in-house Environmental Laboratory, which continuously monitors critical environmental parameters including air quality, water quality and noise levels.

JNPA is making significant progress in renewable energy adoption, promoting sustainable logistics, implementing dust mitigation measures, reusing treated wastewater, building energy-efficient infrastructure, and supporting initiatives aligned with the Ministry of Ports, Shipping and Waterways' Maritime India Vision 2030 and Harit Sagar Green Port Guidelines.

JNPA is advancing green port operations with electric tugboats equipped with adequate battery capacity to achieve a 60-ton bollard pull. Shore power infrastructure is being developed at the existing tug jetty to support battery charging, with work orders placed and surveys completed. The port is set to receive and operationalise these e-tugs by March 2027. JNPA is also actively enhancing its sustainability efforts by providing shore power supply to tugs and port crafts, resulting in an estimated $CO_2$ savings of approximately 500 tons per year. A Memorandum of Understanding (MoU) has been signed between GTI and JNPA with customised EPC GeM Bid floated to award tenders for a pilot project aimed at providing shore power to vessels.

The event witnessed the participation of JNPA Board Members, Heads of Departments, officials, employees, and representatives from various stakeholder groups, reflecting the organization's collective commitment towards environmental sustainability.

As a responsible port authority, JNPA continues to integrate environmentally sustainable practices across its operations while actively promoting awareness and community engagement.

**About Jawaharlal Nehru Port Authority (JNPA):**

The Jawaharlal Nehru Port Authority (JNPA) is one of the premier container-handling ports in India. Since its inception on May 26, 1989, JNPA has transformed from a bulk cargo terminal into the premier container port in the country.

Currently, JNPA operates five container terminals - NSFT, NSICT, NSIGT, BMCT and APMT. The Port also has a shallow water berth for general cargo operated by Nhava Sheva Distribution Terminal Pvt. Ltd. (NSDT). A Liquid Cargo Terminal present at the JNPA Port is managed by the BPCL-IOCL consortium and the additional liquid cargo terminal developed by JNPA is operated by M/s JSW - JNPT Liquid Terminal Pvt. Ltd. Additionally, the newly constructed coastal berth links other Indian ports and facilitates enhancing the traffic of coastal containers.

Nestled across 277 hectares of land, JNPA also operates a meticulously designed multi-product SEZ, with state-of-the-art infrastructure, to boost export-oriented industries in India. JNPA is also developing an all-weather, deep-draft, greenfield port at Vadhvan, the 13th Major Port of India in Maharashtra. It is poised to be among the top 10 ports globally and will be a 100% green port since its inception.

**For media enquiries, please contact:**

Ambika Singh

Sr. Manager (Marketing), JNPA

Mob: +91 9920372677

E-mail: ambikasingh@jnport.gov.in

**Visit our website and social media to learn more:**

JN Port: www.jnport.gov.in

LinkedIn: JNPA- Jawaharlal Nehru Port Authority

X: @JNPort

Instagram: @jnpaport

Facebook: @JNPA

— Ends —

जनेप प्राधिकरण JNPA | INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT

# जेएनपीए में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर विभिन्न जागरूकता एवं संधारणीय विकास कार्यक्रमों का आयोजन

**मुंबई, 5 जून 2026:** भारत के सबसे बड़े कंटेनर पत्तन, जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) ने पर्यावरण संरक्षण और संधारणीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया। इस वर्ष का विषय, "प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।" ने आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत "एक पेड़ माँ के नाम" पहल के साथ हुई। इस अवसर पर जेएनपीए के अध्यक्ष श्री गौरव दयाल, भा. प्र. से., बोर्ड सदस्यगण, विभागाध्यक्ष तथा अधिकारियों ने माताओं के सम्मान में पौधारोपण किया। इस पहल के माध्यम से हरित क्षेत्र बढ़ाने, प्रकृति के संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं संधारणीय जीवनशैली को अपनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पत्तन परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व तथा जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार को अपनाने का प्रभावी संदेश दिया गया।

इस अवसर पर **जेएनपीए के अध्यक्ष श्री गौरव दयाल, भा. प्र. से.**, ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, *"विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। जेएनपीए संधारणीय विकास, पर्यावरणीय जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज उठाया गया एक छोटा कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, सुरक्षित और अधिक सशक्त भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है।"*

समारोह के अंतर्गत पर्यावरण विषयों पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए ईको कैनवास पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को जेएनपीए के अध्यक्ष श्री गौरव दयाल, भा. प्र. से., द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, विश्व पर्यावरण दिवस के प्रति व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेएनपीए के आधिकारिक सोशल मीडिया पर एक इंटरैक्टिव पर्यावरण दिवस प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

समावेशिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, जेएनपीए ने विशेष बच्चों के कल्याण हेतु कार्यरत आई डे केयर फाउंडेशन के साथ सहयोग किया। इस पहल के माध्यम से बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में भाग लेने तथा अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया। इस सहभागिता ने यह संदेश सुदृढ़ किया कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी एक सामूहिक प्रयास है, जो समाज को साथ लेकर चलती है।

जेएनपीए द्वारा व्यापक हरित पत्तन पहल एवं पर्यावरण कार्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पत्तन ने कई महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी पहलें शुरू की हैं। इनमें पत्तन क्षेत्र के चार झीलों का सफल पुनर्जीवन शामिल है, जबकि दो अतिरिक्त झीलों के पुनर्जीवन का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण एवं हरितीकरण अभियान, हरित पट्टियों (ग्रीन बेल्ट) का विकास, पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील मैंग्रोव क्षेत्रों का संरक्षण तथा मियावाकी पद्धति के माध्यम से 1.11 लाख से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया है। जेएनपीए के पास अपनी अत्याधुनिक पर्यावरण प्रयोगशाला भी है, जो वायु गुणवत्ता, जल गुणवत्ता तथा ध्वनि स्तर जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मानकों की निरंतर निगरानी करती है। यह प्रयोगशाला पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने और पत्तन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

जेएनपीए अक्षय ऊर्जा को अपनाने, संधारणीय रसद को बढ़ावा देने, धूल नियंत्रण उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन, उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग तथा ऊर्जा-कुशल अवसंरचना के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इसके साथ ही, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय की 'मैरीटाइम इंडिया विज़न 2030' तथा 'हरित सागर हरित पत्तन दिशानिर्देशों' के अनुरूप विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल पहलों को सक्रिय रूप से समर्थन और क्रियान्वित किया जा रहा है। इन प्रयासों के माध्यम से जेएनपीए एक हरित, संधारणीय और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार पत्तन के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

जेएनपीए हरित पत्तन प्रचालन को बढ़ावा देने के लिए 60 टन बोलार्ड पुल क्षमता प्राप्त करने में सक्षम पर्याप्त बैटरी क्षमता से सुसज्जित इलेक्ट्रिक टगबोट्स (ई-टग्स) को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। इन ई-टग्स की बैटरियों को चार्ज करने के लिए मौजूदा टग जेट्टी पर तटीय विद्युत् अवसंरचना विकसित की जा रही है, जिसके लिए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं तथा आवश्यक सर्वेक्षण पूर्ण कर लिए गए हैं। मार्च 2027 तक इन ई-टग्स को प्राप्त कर परिचालन में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जेएनपीए टगबोट्स और अन्य पत्तन जलयानों को तटीय विद्युत् आपूर्ति प्रदान कर अपनी संधारणीय विकास पहलों को और सशक्त बना रहा है। इस पहल के परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष लगभग 500 टन कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। जहाजों को तटीय विद्युत् उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना के लिए जीटीआई और जेएनपीए के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं तथा निविदा आवंटन हेतु एक अनुकूलित ईपीसी जीईएम निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है।

इस कार्यक्रम में जेएनपीए के बोर्ड सदस्य, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न हितधारक समूहों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी सक्रिय सहभागिता ने पर्यावरणीय स्थिरता और संधारणीय विकास के प्रति संगठन की सामूहिक प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया।

एक जिम्मेदार पत्तन प्राधिकरण के रूप में, जेएनपीए अपने सभी परिचालनों में पर्यावरणीय रूप से संधारणीय एवं अनुकूल प्रथाओं को निरंतर अपनाता रहा है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने

के लिए विभिन्न पहलें भी सक्रिय रूप से संचालित कर रहा है। जेएनपीए हरित एवं संधारणीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करते हुए पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) के बारे में:**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जनेप प्राधिकरण) भारत के प्रमुख कंटेनर हैंडलिंग पतनौ में से एक है।26 मई 1989 को अपनी स्थापना के बाद से, जनेप प्राधिकरण ने एक बल्क कार्गो टर्मिनल से देश के प्रमुख कंटेनर पत्तन में परिवर्तन किया है।

वर्तमान में, जनेप प्राधिकरण पांच कंटेनर टर्मिनलों एन.एस.एफ.टी, एन.एस.आई.सी.टी, एन.एस.आई.जी.टी, बी.एम.सी.टी और ए.पी.एम.टी का संचालन करता है| पत्तन में सामान्य कार्गो के लिए उथले पानी की बर्थ भी है।इसका संचालन न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एनएसडीटी) द्वारा किया जाता है। जेएनपीए पत्तन परिसर में स्थित एक तरल कार्गो टर्मिनल का प्रबंधन बीपीसीएल-आईओसीएल कंसोर्टियम द्वारा किया जाता है, जबकि जेएनपीए द्वारा विकसित अतिरिक्त तरल कार्गो टर्मिनल का प्रचालन मेसर्स जेएसडब्ल्यू-जेएनपीटी लिक्विड टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, नव-निर्मित तटीय बर्थ देश के अन्य पत्तनों को जोड़ने के साथ-साथ तटीय कंटेनर यातायात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

277 हेक्टेयर भूमि पर बसा जनेप प्राधिकरण भारत में निर्यातोन्मुखी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया बहु-उत्पाद विआक्षे भी संचालित करता है।

जेएनपीए, महाराष्ट्र में भारत के 13वें महा पत्तन, वाढवण में एक सभी मौसमों में सक्षम, गहरे डुबाव वाला, ग्रीनफील्ड पतन भी विकसित कर रहा है। इसके वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 पत्तनो में शामिल होने की संभावना है, यह इसके स्थापना से ही 100% हरित पत्तन होगा।

**अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर जाएँ:**

जेएन पोर्ट : www.jnport.gov.in

लिंक्डइन: JNPA- Jawaharlal Nehru Port Authority

एक्स: @JNPort

इंस्टाग्राम: @jnpaport

फेसबुक: @JNPA

**मीडिया पूछताछ के लिए, कृपया संपर्क करें:**

अंबिका सिंह

वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन), जनेप प्राधिकरण

मोबाइल नंबर: +91 9920372677

ईमेल: ambikasingh@jnport.gov.in

# जेएनपीएमध्ये जागतिक पर्यावरण दिन २०२६ विविध जनजागृती व शाश्वतता उपक्रमांनी उत्साहात साजरा

**मुंबई, 5 जून 2026:** भारतातील सर्वात मोठे कंटेनर बंदर असलेल्या जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरणाने (जेएनपीए) जागतिक पर्यावरण दिन २०२६ विविध उपक्रमांच्या माध्यमातून उत्साहात साजरा केला. पर्यावरण संवर्धन आणि शाश्वत जीवनशैलीला प्रोत्साहन देण्याच्या उद्देशाने विविध जनजागृतीपर कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले. यंदाच्या जागतिक पर्यावरण दिनाची निसर्गाकडून प्रेरणा, हवामानासाठी आणि आपल्या भविष्यासाठी ही संकल्पना पर्यावरणाचे संरक्षण आणि संवर्धन करण्याची सामूहिक जबाबदारी अधोरेखित करणारी ठरली.

कार्यक्रमाची सुरुवात "एक पेड माँ के नाम" या उपक्रमाने झाली. यावेळी जेएनपीएचे अध्यक्ष श्री. गौरव दयाल, भा. प्र. से., संचालक मंडळाचे सदस्य, विभागप्रमुख तसेच अधिकारी यांनी वृक्षारोपण करून मातृशक्तीप्रती कृतज्ञता व्यक्त केली. या उपक्रमाद्वारे हरित क्षेत्र वाढविण्याचे महत्त्व अधोरेखित करत पर्यावरण संवर्धन आणि निसर्ग संवर्धनाचा संदेश देण्यात आला.

यावेळी उपस्थित सर्वांना पर्यावरण संरक्षणाची शपथ देण्यात आली. या शपथेद्वारे पर्यावरण संवर्धन आणि शाश्वत जीवनशैली अंगीकारण्याच्या जेएनपीएच्या बांधिलकीचा पुनरुच्चार करण्यात आला. तसेच कर्मचारी आणि अभ्यागतांमध्ये पर्यावरणाबाबत अधिक जागरूकता निर्माण करण्यासाठी बंदर परिसरात पथनाट्याचे आयोजन करण्यात आले. या पथनाट्याद्वारे पर्यावरण संरक्षणाचे महत्त्व आणि जबाबदार पर्यावरणीय आचरणाची गरज प्रभावीपणे मांडण्यात आली.

याप्रसंगी **जेएनपीएचे अध्यक्ष श्री. गौरव दयाल, भा. प्र. से.**, यांनी कर्मचाऱ्यांना संबोधित करताना सांगितले, *"जागतिक पर्यावरण दिन हा केवळ वर्षातून एकदा साजरा केला जाणारा उपक्रम नसून पर्यावरण संवर्धन ही आपली सातत्यपूर्ण जबाबदारी असल्याची जाणीव करून देणारा दिवस आहे. शाश्वत विकास, पर्यावरणाबाबत जागरूकता आणि सामुदायिक सहभागाची संस्कृती रुजविण्यासाठी जेएनपीए कटिबद्ध आहे. आज आपण केलेले प्रत्येक छोटे पाऊल भविष्यातील पिढ्यांसाठी अधिक हिरवेगार, सुरक्षित आणि सक्षम भविष्य घडविण्यात मोलाचे योगदान देते."*

पर्यावरण विषयक सर्जनशील अभिव्यक्तीला प्रोत्साहन देण्यासाठी इको कॅनव्हास पेंटिंग कार्यशाळेचे आयोजन करण्यात आले. या स्पर्धेतील विजेत्यांचा सत्कार जेएनपीएचे अध्यक्ष श्री. गौरव दयाल, भा. प्र. से. यांच्या हस्ते पारितोषिक वितरण समारंभात करण्यात आला. तसेच जागतिक पर्यावरण दिनाविषयी जनजागृती निर्माण करण्यासाठी आणि व्यापक समाजाचा सहभाग वाढविण्यासाठी जेएनपीएच्या अधिकृत सोशल मीडिया हँडलवर परस्परसंवादी (इंटरॅक्टिव्ह) पर्यावरण दिन प्रश्नमंजुषा आयोजित करण्यात आली.

समावेशकता आणि सामाजिक उत्तरदायित्वाप्रती आपली बांधिलकी अधोरेखित करत जेएनपीएने आई डे केअर फाउंडेशन या विशेष मुलांसाठी कार्य करणाऱ्या संस्थेसोबत सहयोग केला. या उपक्रमाअंतर्गत विशेष मुलांना पर्यावरण दिनाच्या कार्यक्रमांमध्ये सहभागी

होण्याची तसेच आपल्या सर्जनशीलतेचे प्रदर्शन करण्याची संधी उपलब्ध करून देण्यात आली. या सहभागातून पर्यावरण संरक्षण ही समाजातील सर्व घटकांनी सामूहिकपणे पार पाडायची जबाबदारी असल्याचा संदेश प्रभावीपणे देण्यात आला.

जेएनपीएकडून व्यापक ग्रीन पोर्ट उपक्रम आणि पर्यावरण कृती आराखडा प्रभावीपणे राबविण्यात येत आहे. पर्यावरण संवर्धनासाठी बंदराने अनेक महत्त्वपूर्ण आणि परिवर्तनकारी उपक्रम हाती घेतले आहेत. यामध्ये बंदर परिसरातील चार तलावांचे यशस्वी पुनरुज्जीवन करण्यात आले असून आणखी दोन तलावांच्या पुनरुज्जीवनाचे काम सध्या सुरू आहे. याशिवाय मोठ्या प्रमाणावर सौंदर्यीकरण व हरितीकरण उपक्रम, हरित पट्ट्यांचा विकास, पर्यावरणदृष्ट्या संवेदनशील खारफुटी (मॅन्ग्रोव्ह) क्षेत्रांचे संवर्धन तसेच मियावाकी पद्धतीद्वारे १.११ लाखांहून अधिक वृक्षांची लागवड करण्यात आली आहे. पर्यावरणीय मानकांचे सातत्याने पालन सुनिश्चित करण्यासाठी जेएनपीएकडे अत्याधुनिक स्वतंत्र पर्यावरण प्रयोगशाळा देखील आहे. या प्रयोगशाळेमार्फत हवेची गुणवत्ता, पाण्याची गुणवत्ता आणि ध्वनी प्रदूषण यांसारख्या महत्त्वाच्या पर्यावरणीय घटकांचे नियमित निरीक्षण केले जाते.

जेएनपीए अक्षय ऊर्जेचा वाढता वापर, शाश्वत लॉजिस्टिक्सला प्रोत्साहन, धूळ नियंत्रणासाठी प्रभावी उपाययोजना, प्रक्रिया केलेल्या सांडपाण्याचा पुनर्वापर तसेच ऊर्जा-कार्यक्षम पायाभूत सुविधांच्या उभारणीमध्ये उल्लेखनीय प्रगती करत आहे. याशिवाय, बंदर, जलवाहतूक आणि जलमार्ग मंत्रालयाच्या 'मॅरिटाईम इंडिया व्हिजन 2030' आणि 'हरित सागर ग्रीन पोर्ट मार्गदर्शक तत्त्वां' अनुरूप विविध पर्यावरणपूरक उपक्रमांची प्रभावी अंमलबजावणी करण्यात येत आहे. या प्रयत्नांद्वारे जेएनपीए शाश्वत विकास आणि हरित बंदर उभारणीच्या दिशेने आपली वचनबद्धता अधिक दृढ करत आहे.

जेएनपीए हरित बंदर संचालनाच्या दिशेने महत्त्वपूर्ण पावले उचलत असून ६० टन बोलार्ड पुल क्षमता साध्य करण्यासाठी पुरेशा बॅटरी क्षमतेने सुसज्ज इलेक्ट्रिक टगबोटी (ई-टग्स) कार्यान्वित करण्याची प्रक्रिया सुरू आहे. या ई-टग्सच्या बॅटरी चार्जिंगसाठी विद्यमान टग जेटीवर शोर पॉवर पायाभूत सुविधा विकसित करण्यात येत असून त्यासंदर्भातील कार्यादेश जारी करण्यात आले आहेत आणि आवश्यक सर्वेक्षण पूर्ण झाले आहे. मार्च २०२७ पर्यंत या ई-टग्सची प्राप्ती व कार्यान्वयन करण्याचे उद्दिष्ट ठेवण्यात आले आहे. याशिवाय, टगबोटी आणि बंदरातील इतर जलवाहनांना शोर पॉवर पुरवठा करून जेएनपीए आपल्या शाश्वत विकास उपक्रमांना अधिक बळकटी देत आहे. या उपक्रमामुळे दरवर्षी सुमारे ५०० टन कार्बन डायऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जनात बचत होण्याचा अंदाज आहे. तसेच, जहाजांना शोर पॉवर पुरवठा करण्याच्या प्रायोगिक प्रकल्पासाठी जीटीआय आणि जेएनपीए यांच्यात सामंजस्य करार करण्यात आला असून त्यासाठी सानुकूलित ईपीसी जीईएम निविदा प्रक्रिया देखील सुरू करण्यात आली आहे.

या कार्यक्रमाला जेएनपीएचे संचालक मंडळ सदस्य, विभागप्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी तसेच विविध भागधारक गटांचे प्रतिनिधी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते. या सहभागातून पर्यावरणीय शाश्वततेप्रती संस्थेची सामूहिक बांधिलकी आणि पर्यावरण संरक्षणासाठीची एकजूट अधोरेखित झाली.

एक जबाबदार बंदर प्राधिकरण म्हणून जेएनपीए आपल्या सर्व कार्यप्रणालींमध्ये पर्यावरणपूरक आणि शाश्वत पद्धतींचा सातत्याने अवलंब करत आहे. तसेच पर्यावरण संरक्षणाविषयी जनजागृती वाढविणे आणि समाजाच्या सक्रिय सहभागाला प्रोत्साहन देण्यासाठी

विविध उपक्रम राबवत आहे. पर्यावरणीय शाश्वततेला केंद्रस्थानी ठेवून जेएनपीए हरित आणि जबाबदार विकासाच्या दिशेने सातत्याने वाटचाल करत आहे.

**जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए) विषयी माहिती:**

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जनेप प्राधिकरण) हे भारतातील प्रमुख कंटेनर हाताळणी बंदरांपैकी एक आहे. 26 मे 1989 रोजी स्थापना झाल्यापासून, जनेप प्राधिकरण एक बल्क कार्गो टर्मिनलवरून देशातील प्रमुख कंटेनर बंदरात रूपांतरित झाले आहे.

सध्या, जनेप प्राधिकरण पाच कंटेनर टर्मिनल्स चालवते एन एस एफ टी, एन एस आय सी टी, एन एस आय जी टी, बी एम सी टी आणि ए पी एम टी. न्हावा शेवा डिस्ट्रिब्युशन टर्मिनल प्रा. लि. (एनएसडीटी) द्वारे संचालित सामान्य मालासाठी एक उथळ पाण्याचा बर्थ देखील आहे. जनेप प्राधिकरण पोर्टवर उपस्थित असलेले लिक्विड कार्गो टर्मिनल बीपीसीएल आयओसीएल कन्सोर्टियम द्वारे व्यवस्थापित केले जाते आणि जेएनपीएने विकसित केलेले अतिरिक्त लिक्विड कार्गो टर्मिनल मेसर्स जेएसडब्ल्यू - जेएनपीटी लिक्विड टर्मिनल प्रा. लि. द्वारे चालवले जाते. या व्यतिरिक्त, नव्याने बांधलेला किनारी धक्का इतर भारतीय बंदरांना जोडतो आणि किनारपट्टीवरील कंटेनरची वाहतूक वाढवते.

277 हेक्टर जमिनीवर वसलेले, जनेप प्राधिकरण भारतातील निर्यात-केंद्रित उद्योगांना चालना देण्यासाठी, अत्याधुनिक पायाभूत सुविधांसह, काळजी पूर्वक डिझाइन केलेले बहुउत्पादक विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) देखील चालवते.

जेएनपीए वाढवण येथे एक सर्व-हवामान, डीप ड्राफ्ट, ग्रीनफिल्ड बंदर विकसित करत आहे, जे महाराष्ट्रातील भारताचे १३वे मोठे बंदर असेल. हे जागतिक स्तरावरील सर्वोत्कृष्ठ १० बंदरांमध्ये स्थान मिळवणार आहे आणि स्थापनेपासून १००% हरित बंदर असेल.

**मीडिया चौकशीसाठी, कृपया संपर्क साधा:**

**जनेप प्राधिकरण:**

अंबिका सिंग

सीनियर मॅनेजर (मार्केटिंग), जनेप प्राधिकरण

मोबाईल क्रमांक: +919920372677

ईमेल: ambikasingh@jnport.gov.in

**अधिक माहितीसाठी आमच्या वेबसाइट आणि सोशल मीडियाला भेट द्या:**

जेएन पोर्ट : www.jnport.gov.in

लिंक्डइन: JNPA- Jawaharlal Nehru Port Authority

एक्स: @JNPort

इंस्टाग्राम: @jnpaport

फेसबुक: @JNPA